राजस्थान सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा, जयपुर

क्रमांक– एफ 5(थ–75)/कोष/आईएफएमएस/पे मेनेजर/19981–20140 दिनांक 07/10/2013

विभागाध्यक्ष
समस्त

विषयः– पे–मेनेजर पर उपलब्ध कार्मिकों के मास्टर डेटा को संशोधित करने के संबंध में ।

संदर्भ – शासन सचिव, वित्त (बजट) का पत्रांक– 10194–10393 दिनांक 20.6. 2013 एवं इस निदेशालय के पूर्व पत्रांक– 13306–13506 दिनांक 24.7.2013, 15038–237 दि. 16.8.2013 एवं 17385–17534 दिनांक 5.9.2013

महोदय,

विषयान्तर्गत अनुरोध है कि संदर्भित पत्रों द्वारा राज्य कर्मचारियों का पूर्ण डेटा एकीकृत मानवीय संसाधन प्रबन्धन प्रणाली (IHRMS) के अन्तर्गत तैयार किए जाने हेतु पे मेनेजर पर राज्य कर्मचारियों के वेतन से संबंधित मास्टर डेटा में पूर्व में प्रेषित प्रारूप में दिए गए कॉलम्स के अनुसार डेटा एन्ट्री का कार्य दिनांक 10.9.2013 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने हेतु आपको लिखा गया था । इन कॉलम्स में से यदि पूर्व में डेटा उपलब्ध है तो उसकी शुद्धता की जांच तथा डेटा नहीं होने की दशा में शुद्ध डेटा का इन्द्राज किया जाना अपेक्षित है ।

पे–मेनेजर पर उपलब्ध रिपोर्ट्स के अनुसार डेटा एन्ट्री तथा डेटा की शुद्धता का उक्त कार्य अभी तक भी आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा पूर्ण नहीं किया गया है । अतः आप अपने अधीनस्थ समस्त आहरण वितरण अधिकारियों को उक्त कार्य दिनांक 31.10.2013 तक आवश्यक रूप से पूर्ण करने हेतु निर्देशित करने का श्रम करें ।

भवदीया,
(हस्ताक्षर)
(वीरबाला जोशी)
निदेशक

क्रमांक– एफ 5(थ–75)/कोष/आईएफएमएस/पे मेनेजर/20141–20143 दिनांक 07/10/2013

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, वित्त सचिव (बजट) शासन सचिवालय, जयपुर
2. संयुक्त निदेशक (IHRMS)
3. सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक) वित्त विभाग को इसे वित्त विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु ।

(हस्ताक्षर)
संयुक्त निदेशक (IFMS)

क्रमांक :– एफ 25 (2) पीए/लेखा/निकाशि/2013/268 दिनांक 08.10.2013

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. समस्त/प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय/क्षेत्रिय सहायक निदेशक कॉलेज शिक्षा, राज. जयपुर।
2. आहरण एवं वितरण अधिकारी, निदेशालय कॉलेज शिक्षा, राज. जयुपर।
3. श्री धीरेन्द्र देवर्षि, वेबसाईड प्रभारी अपलोड करने हेतु ।

(हस्ताक्षर)
मुख्य लेखाधिकारी
कॉलेज शिक्षा राज.जयपुर